# महिलाओं ने शराब के खिलाफ खोला मोर्चा

## बेगमगंज पर आकर किया हंगामा, एसडीएम को ज्ञापन



**बेगमगंज, 17 मार्च. ग्राम पंचायत मजगांव सनी के आदिवासी बाहुल्य ग्राम रामपुरा में अवैध रूप से बिकने वाली शराब के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल लिया है. गांव में शराबबंदी को लेकर महिलाएं लाभ बंद हो गई है. मंगलवार को कई महिलाओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया. एसडीएम सौरभ मिश्र को एक ज्ञापन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है. महिलाओं ने कहा कि अवैध शराब की बिक्री से घर-परिवार बर्बाद हो रहे हैं.**

एसडीएम सौरभ मिश्रा को दिए ज्ञापन में मांग की है कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई और शराब की बिक्री को सख्ती से रोका जाए. आदिवासी बाहुल्य ग्राम रामपुरा की दर्जनों महिलाओं न ज्ञापन आरोप लगाया है कि उनके गांव में विजय सिंह आदिवासी एवं चंदन सिंह आदिवासी नामक व्यक्ति अवैध रूप से खुलेआम शराब बेचकर गांव का माहौल खराब कर रहे हैं. गांव के बच्चे-बच्चे को शराब के नशे की लत लगा दी हैं. महिलाओं द्वारा गांव में अवैध शराब बिकने का विरोध किया गया तो शराब बेचने वाले विजय सिंह आदिवासी एवं चंदन सिंह आदिवासी द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया गया. इसके अलावा धमकी दी कि भविष्य में अगर शराब का दिया विरोध किया तो बर्बाद कर देंगे.

### पति शराब पीकर करते हैं मारपीट

महिलाओं का आरोप है कि उनके पति घर शराब पीकर आते हैं और मारपीट कर जबरन उनसे पैसे छीन कर शराब पीने के लिए ले जाते हैं. इसके पूर्व उन्होंने तीन बार गांव में अवैध शराब बिक्री को लेकर आवेदन दिए थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से फिर अधिकारियों के पास गुहार लगाने आई है. महिला स्वसहायता समूह अध्यक्ष शिव कुमारी ठाकुर ने बताया कि सभी महिलाओं द्वारा शराब के विरुद्ध आवाज बुलंद करते हुए गांव में शराबबंदी करने का बीड़ा उठाया है क्योंकि शराब माफिया आए दिन गांव में विवाद करते हैं और धमकी देते हैं कि देखें कौन उनकी शराब बेचना बंद करवाता है. कौशल्या आदिवासी का आरोप है कि एक खेत पर मां-बेटे घर बना कर रहते हैं और वहीं से धड़ल्ले शराब बेंचते हैं. गांव में पूरी तरह शराब बंदी कराने को लेकर महिलाओं द्वारा समता सखी लोक अधिकार केंद्र बेगमगंज एवं एसडीएम बेगमगंज को ज्ञापन दिया. ज्ञापन में कहा कि यदि तत्काल अब शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो महिलाएं धरना प्रदर्शन करेंगी.



# वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली निकाली

**रायसेन, 17 मार्च. गर्मी में आग से वनों को बचाने, वनों के महत्व को समझाने और आगजनी की घटनाओं को रोकने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को रायसेन में वन विभाग द्वारा वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली निकाली गई. इस बाइक रैली को सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी तथा कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने सामान्य वनमंडल कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना कियाा.**

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे. बाइक रैली में विधायक डॉ. चौधरी, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए और वन संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. चौधरी ने कहा कि गर्मी के मौसम में वनों में आग लगने की घटनाओं को रोकने में वन क्षेत्र के समीप निवासरत् नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है. वनों में तथा वन के आसपास सूखी घास या पत्तियों को नहीं जलाना चाहिए और जलती हुई बीड़ी/सिगरेट भी नहीं फेंकना चाहिए. यह हम सभी का दायित्व है कि अपने वनों की रक्षा करें एवं पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं. डीएफओ प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि वन विभाग ने गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ वनों को आग से बचाने और वन्य प्राणियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने व्यापक तैयारियां की हैं.

### विधायक और कलेक्टर दिखाई ने हरी झंडी

विभाग ने आग से बचाव के लिए महुआ के पेड़ों के नीचे विशेष सफाई अभियान चलाया है. वहीं वन्यजीवों के लिए 140 नए कृत्रिम जल स्रोत (सौंसर) तैयार किए हैं. भीषण गर्मी में वन्य प्राणियों को पानी के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए वन मंडल की सभी 140 बीट में एक-एक सौंसर बनाया गया है. इन नए सौंसरों के अतिरिक्त, विभाग ने पहले से मौजूद 150 जल स्रोतों की भी सफाई कराई है. इसका उद्देश्य जंगल के भीतर ही जानवरों को पीने का पानी उपलब्ध कराना है.

---

## एक नजर में



### पंडित व कन्याओं को ही भोजन कराने का संकल्प

**बाड़ी.** साहू समाज नगर अध्यक्ष शरद साहू एवं सकल साहू समाज के नेतृत्व में मां कर्मा देवी की जयंती साथ मनाई गई. इस अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया, जिसकी शुरुआत पुराने बाजार से मां कर्मा देवी की आरती के साथ हुई. जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ बस स्टैंड स्थित मां कर्मा देवी मंदिर पहुंचा. यहां विधि-विधान से महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया. इसके बाद समाज के सभी लोग सीता स्वयंवर मैरिज गार्डन पहुंचे, जहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व मंचासीन समाज के प्रबुद्धजनों ने मुख्य रूप से रसोई (तेरहवीं) पर नगर भंडारा पर रोक लगाने की बात कही. उन्होंने कहा कि मृत्यु से तेरहवीं तक सभी विधान पूरे करें लेकिन दिखावा न करें. पंडितों व कन्याओं को ही भोजन कराया जाए. वहीं पगड़ी रस्म बंद कर दी जाए. जिसका समर्थन उपस्थित महिलाओं और पुरुषों ने दोनों हाथ ऊपर कर किया. इस अवसर पर मंच पर उपस्थित पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद साहू ने अपने भाई सुरेश कुमार व माताजी के साथ संकल्प लिया कि वे माता जी की रसोई में दिखावा न करते हुए संक्षिप्त में कार्यक्रम रखेंगे. रसोई में खर्च होने वाली राशि में एक लाख रुपए मां कर्मा देवी मंदिर में दान देंग. 25 कन्याओं के विवाह में 10-10 हजार रुपए भेंट करेंगे. इस अवसर पर साहू समाज के उन प्रतिभाशाली युवक-युवतियों का सम्मान किया, जो शासकीय सेवा में चयनित हुए. बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया. अंत में समिति के सचिव बृजेश कुमार साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया.



### समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बेगमगंज.** मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्राम उचेरा हप्सिली में समितियों का एक दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ. ब्लॉक समन्वयक हेमलता नरवरिया, कमल नामदेव एवं मुख्य वक्ता शुभम दुबे आचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण की शुरुआत की. सेक्टर तुलसीपार की चयनित नवांकुर संस्था ग्राम तुलसीपार अध्यक्ष भवानी कुशवाहा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की. हेमलता नरवरिया ने मप्र जनअभियान परिषद द्वारा होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को समिति से जोड़ने पर बल दिया. सामाजिक कार्यकर्ता कमल नामदेव ने कहा कि लोगों को जोड़कर निस्वार्थ भाव से कार्य करें. अंतिम सत्र में मुख्य वक्ता शुभम दुबे आचार्य ने कहा कि जनअभियान परिषद द्वारा खड़ी की गई संरचना समाज में परिवर्तन लाने में सफल हुई है. हमारी समितियों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है. ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के नवाचारों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जोड़ा जा रहा है.

### जिले से पशु चारा-भूसा का निर्यात प्रतिबंधित

**रायसेन.** जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा-भूसा की आपूर्ति बनाए रखने हेतु जिला दंडाधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा तत्काल प्रभाव से जिले से अन्य राज्यों में पशु चारे-भूसा का निर्यात प्रतिबंधित किया गया है. जारी आदेश के तहत पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, भूसा, घास, कड़वी ज्वार के डंठल, पैरा धान के डंठल आदि का जिले से अन्य राज्यों में निर्यात, उद्योगों एवं ईट के भट्टे में जलाने को मप्र चारा निर्यात नियंत्रण आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से 30 जून तक प्रतिबंधित किया गया है. कोई भी कृषक, व्यापारी, निर्यातक व्यक्ति पशु चारा एवं भूसा का परिवहन नहीं कर सकेगा.



# जनसुनवाई में समस्याओं का किया निराकरण

**रायसेन, 17 मार्च. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया.**

कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए निराकरण किया. कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए. साथ ही अन्य तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं के निराकरण हेतु वीसी के माध्यम से निर्देशित किया. जनसुनवाई में लगभग 146 आवेदन मिले. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय, सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे. अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनसुनवाई में उपस्थित रहे.

### समाजसेवी हाजी अच्छन पटेल का निधन

**बेगमगंज.** समाजसेवी हाजी अशफाक खां उर्फ अच्छन पटेल दफेदार का आकस्मिक निधन हो गया. उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक छा गया और काफी तादाद में लोग उनके निवास पर एकत्रित हो गए. उनका जनाजा जामा मस्जिद ले आया गया, जहां पर जोहर की नमाज के बाद जनाजे की नमाज अदा की गई और पक्का फाटक वाले कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया. उनके जनाजे में सभी धर्मों के लोग भारी संख्या में शामिल हुए. समाजसेवी संस्था इस्लाहे मिल्लत कमेटी, जमीयत उलेमा, मजलिसे शूरा, मुस्लिम त्यौहार कमेटी, अल खैर ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी, मंसूरी समाज संगठन, मस्जिद जकरिया, मस्जिद पक्का फाटक और तबलीगी जमात और विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने गम का इजहार करते हुए खिराजे अकीदत पेश की है.

# कार मंदिर में घुसी, एक घायल

## सलामतपुर द्वारकाधीश मंदिर के मोड़ पर हादसा

**सलामतपुर, 17 मार्च. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर सलामतपुर में बीती देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर द्वारकाधीश मंदिर की दीवार में घुस गई.**

टक्कर से मंदिर का दरवाजा छतिग्रस्त हो गया और कार में ड्राइवर के पास बैठा युवक घायल हो गया. वो तो गनीमत रही कि हादसे के वक्त मंदिर में कोई श्रद्धालु मौजूद नही था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था. पुलिस के अनुसार बीती देर रात लगभग डेढ़ बजे अमित रघुवंशी और देव बैरागी कार से भोपाल से तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने बासौदा जा रहे थे. कार सलामतपुर पहुंचने पर अंधे मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक की वजह से द्वारकाधीश मंदिर की दीवार में घुस गई. कार चला रहे अमित रघुवंशी दुर्घटना में बाल बाल-बच गए, लेकिन साथ बैठे देव बैरागी को सिर में चोटें आ गई. कार चालक अमित रघुवंशी और द्वारकाधीश मंदिर समिति के बीच आपसी समझौता हो गया, इसलिए पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की. द्वारकाधीश मंदिर के सामने अंधा मोड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है. अभी कुछ समय पहले ही एक तेज़ रफ़्तार कार एक युवक को टक्कर मारते हुए द्वारकाधीश मंदिर की दीवार में घुस गई थी.




**इनका कहना है**

बीती देर रात एक कार अनियंत्रित होकर द्वारकाधीश मंदिर की दीवार से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

# गर्मी से गेहूं की फसल समय से पहले पकी

### दाना पतला रहने की आशंका

**सिलवानी, 17 मार्च. क्षेत्र में मौसम के बदले मिजाज और अचानक बढ़ी गर्मी का असर अब खेतों में साफ दिखाई देने लगा है. बढ़ते तापमान के कारण गेहूं की बालियां समय से पहले ही पक गई हैं. इससे किसानों को तय समय से पहले ही कटाई के काम में जुटना पड़ रहा है.**

किसानों के अनुसार पिछले एक सप्ताह में क्षेत्र के लगभग 70 से 80 प्रतिशत गेहूं का रकबा कटाई के लिए पूरी तरह तैयार हो चुका है. कई स्थानों पर हार्वेस्टर से किसानों ने कटाई शुरू भी कर दी है.

कृषि जानकारों का कहना है कि तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी के कारण गेहूं के दानों को पकने का पूरा समय नहीं मिल पाया. इससे दाने पूरी तरह विकसित नहीं हो सके हैं, जिसके कारण दाना पतला रहने और वजन कम होने की आशंका बढ़ गई है. इसका सीधा असर इस साल की पैदावार पर पड़ सकता है. स्थानीय किसान हीरेंद्र यादव और जितेंद्र साहू ने बताया कि तेज गर्मी के कारण फसल समय से पहले ही पककर सूख गई है. सामान्य स्थिति में फसल को पकने में कुछ और समय मिलता, जिससे दाना भरपूर बनता. लेकिन इस बार अचानक बढ़ी गर्मी से उत्पादन कम होने की चिंता किसानों को सता रही है.



**मसूर की फसल की थ्रेसिंग में जुटे किसान**

सिलवानी क्षेत्र में इन दिनों रबी की फसल कटाई और थ्रेसिंग का कार्य शुरू हो गया. इस वर्ष मसूर की बंपर पैदावार की उम्मीद से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं.

### अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस पर बाइक रैली 20 को

**बेगमगंज.** अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस को लेकर लोधी महासभा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में आगामी 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के वलिदान के उपलक्ष में विशाल बाइक रैली के आयोजन और उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया. बैठक का आयोजन जनपद सदस्य लोकेंद्र सिंह लोधी के निवास वृंदावन धाम में किया गया.

**रमजान** ▶ जामा मस्जिद के पेशे इमाम आलिम नसीम अहमद ने मुल्क में अमन- चैन के लिए की दुआ

# जामा मस्जिद में 27 दिन की तरावीह हुई मुकम्मल

**सलामतपुर, 17 मार्च. नगर की जामा मस्जिद में सोमवार रात को 27 दिन की तरावीह पूरी हुई. इस दौरान तरावीह पढ़ाने वाले जामा मस्जिद के पेशे इमाम आलिम नसीम अहमद ने मुल्क में अमन- चैन के लिए दुआ की. दुआ के बाद बस्ती के सभी लोगों को तबर्रुख वितरण किया गया.**



पेशे इमाम नसीम अहमद ने बताया कि माह ए रमजान की सत्ताइसवीं रात को ही शबे कद्र यानी परम सम्मानीय रात कहा जाता है. यह अल्लाह की खास मेहरबानी की रात है. इसीलिए अमूमन इसे ही 'शबे कद्र' कहा जाता है, क्योंकि इसे परम पवित्रता का दर्जा प्राप्त है. छब्बीसवां रोजा इसीलिए मुकद्दस पवित्र कहा जाता है क्योंकि इस रोजे के दिन के बाद इफ्तार के बाद सत्ताइसवीं रात शुरू हो जाती है. जिसे शबे कद्र कहा जाता है. यह रात शबे कद्र इबादत के लिहाज से ऊंचा मुकाम रखती है. सवाल उठता है कि शब ए कद्र क्या है? जवाब यह है कि इस रात को 'शक्ति', 'भाग्य' या 'गुण की रात' कहा जाता है. रमजान माह के आखिरी अशरे यानी निजात मुक्ति-छुटकारा के अशरे में आने वाली शब ए कद्र सबसे पवित्र रात है. दूसरा सवाल यह है कि इस शबे कद्र की ऐसी क्या खासियत है कि जो इसे इतनी अहमियत दी गई है? इसके जवाब में उन्होंने यह बताया है कि जैसे नदियों में कोई नदी बहुत खास होती है. पर्वतों में कोई पर्वत बहुत खास होता है. दरख्तों में कोई दरख्त बहुत खास होता है. परिंदों में कोई परिंदा और दिनों में कोई दिन बहुत खास होता है. वैसे ही रातों में कोई रात बहुत खास होती है, वो है शबे कद्, इसीलिए ये खास है. क्योंकि इसी रात को पवित्र कुरआन का नुजूल हुआ था. सूरहकद्र में जिक्र है यानी अल्लाह का इशारा है कि यकीनन हमने इसे कुरआन को शब ए कद्र में नाजिल किया. शबे कद्र हजार महीनों से बेहतर है. शबे कद्र में इबादत यानी अल्लाह की इनायत होना है

### ग़ैरतगंज, गढ़ी और देहगांव में नमाज का समय तय

**ग़ैरतगंज.** ग़ैरतगंज तहसील में ईद-उल-फितर की नमाज को लेकर समय तय कर दिया गया है. गैरतगंज, गढ़ी और देहगांव में ईद की नमाज अदा की जाएगी. ईद की तारीख चांद दिखने पर निर्भर रहेगी. यदि चांद 19 मार्च (गुरुवार) को दिखाई देता है तो 20 मार्च (शुक्रवार) को ईद मनाई जाएगी, अन्यथा 20 मार्च को चांद दिखने पर 21 मार्च (शनिवार) को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी. गैरतगंज में ईदगाह मस्जिद में सुबह 7:00 बजे, मौलाना जमालुद्दीन नमाज अदा कराएंगे. जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे, मुफ़्ती मशकूर नमाज़ अदा कराएंगे. मंडी मस्जिद में सुबह 7:30 बजे, हाफिज सद्दाम कुरैशी नमाज़ अदा कराएंगे. गढ़ी में ईदगाह में सुबह 7:30 बजे, मौलाना अतीक़ुर्रहमान नमाज़ अदा कराएंगे. जामा मस्जिद में सुबह 8:30 बजे, मौलवी मुश्ताक़ नमाज़ अदा कराएंगे. देहगांव में ईदगाह में सुबह 7:45 बजे, मौलाना क़मरुद्दीन नमाज़ अदा कराएंगे. जामा मस्जिद में सुबह 8:15 बजे, मौलवी अतीक़ नमाज़ अदा कराएंगे.


## आम सूचना

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार श्रीमती आरती जेठानी पत्नि मोहन दास जेठानी निवासी वार्ड क्र. 01 टेकापार गढ़ी तहसील गैरतगंज के वार्ड क्र. 12 कस्बा गैरतगंज में स्थित प्लाट जिसका खसरा क्रमांक 156/1 में से रकबा 0.012 साईज 30×20=600 वर्गफिट तथा 30×20=600 वर्गफिट के दो प्लाट जिसकी सीमाएं पूर्व में- विक्रेता का प्लाट, पश्चिम में 15 फिट का रास्ता, उत्तर में- विक्रेता की भूमि दक्षिण में ऋषभ का प्लाट मौके पर स्थित है. जिसको मेरे पक्षकार विक्रय करना चाहती है. उक्त प्लाट के संबंध में यदि कोई पक्षकार या कोई व्यक्ति अपना स्वामित्व प्रस्तुत करना चाहता है अथवा हित प्रमाणित करना चाहता है तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज, साक्ष्य सहित मेरे समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे. समय अवधि निकल जाने के पश्चात किसी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार को प्लाट विक्रय करने का हक होगा.

**राजेश कुमार पाटकर**
**एडव्होकेट, गैरतगंज**
**मो. नं. 9425463659**
R.N.- 61920

## आम सूचना

मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार श्रीमती आरती जेठानी पत्नि मोहन दास जेठानी निवासी वार्ड क्र. 01 टेकापार गढ़ी तहसील गैरतगंज के वार्ड क्र. 12 कस्बा गैरतगंज में स्थित प्लाट जिसका खसरा क्रमांक 156/8/9 रकबा 0.072 हे. में से 20×30=600 वर्गफिट एवं 20×30=600 वर्गफिट के दो प्लाट जिसकी सीमाएं पूर्व में- विक्रेता का प्लाट, पश्चिम में- 15 फिट का रास्ता, उत्तर में- विक्रेता का प्लाट दक्षिण में - 20 फिट का रास्ता मौके पर स्थित है. जिसको मेरे पक्षकार विक्रय करना चाहती है. उक्त प्लाट के संबंध में यदि कोई पक्षकार या कोई व्यक्ति अपना स्वामित्व प्रस्तुत करना चाहता है अथवा हित प्रमाणित करना चाहता है तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज, साक्ष्य सहित मेरे समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे. समय अवधि निकल जाने के पश्चात किसी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार को प्लाट विक्रय करने का हक होगा.

**राजेश कुमार पाटकर**
**एडव्होकेट, गैरतगंज**
**मो. नं. 9425463659**
R.N.- 61920